कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पत्रांक– 78 /11–सी–FP/UP/Other/40253/2019, लखनऊ, दिनांकः जुलाई 05,2019

सेवा में,

वन संरक्षक,
आगरा वृत्त, आगरा।

विषयः– जनपद मथुरा की कोसी–नन्दगॉव–बरसाना–गोवर्धन मार्ग (ओ0डी0आर0–143) के कि0मी0 चैनेज–02.140 की बॉयी पटरी पर स्थित ग्राम–बरहना के खसरा सं0–617 में इण्डियन ऑयल कॉर्पोरेशन लि0, 65/2, संजय प्लेस, आगरा द्वारा प्रस्तावित रिटेल आउटलेट के सम्पर्क मार्ग के निर्माण हेतु 0.0522528 हे0 संरक्षित वन भूमि का बिना वृक्ष पातन के गैर वानिकी प्रयोग हेतु अनुमति का प्रस्ताव (FP/UP/Others/40253/2019)

सन्दर्भः– आपका पत्रांक–30/14–1, दिनांक 02.07.2019

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा प्राप्त विषयगत प्रस्ताव का परीक्षण किया गया। परीक्षणोपरान्त प्रस्ताव में निम्नलिखित कमियॉ/अभिलेखों का आभाव पाया गयाः–

1– क्षतिपूरक वृक्षारोपण के अन्तर्गत 100 वृक्षों का 10 वर्षों के अनुरक्षण सहित प्राक्कलन संलग्न है किन्तु प्राक्कलन भारत सरकार की नवीन गाइड लाइन के अनुसार नहीं है। अतः इसे प्रस्ताव से पृथक कर 50 वृक्षों के क्षतिपूरक वृक्षारोपण का 10 का अनुरक्षण सहित प्राक्कलन सारांश सहित संलग्न कर ऑनलाइन भाग–2 में धनराशि एवं प्राक्कलन अपलोड करें।

2– प्रस्ताव में संलग्न सी0डी0 में क्षतिपूरक वनीकरण का Geo Referenced Digital Map एवं टोपोशीट प्रभागीय निदेशक द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित अपलोड नहीं किये गये हैं। अतः प्रभागीय निदेशक द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित क्षतिपूरक वनीकरण का Geo Referenced Digital Map एवं टोपोशीट सी0डी0 में अपलोड कर संलग्न करें।

3– प्रस्तावित वनभूमि के एन0पी0वी0 में संशोधन के उपरान्त बढ़ी हुई एन0पी0वी0 की धनराशि के भुगतान की वचनवद्धता जो प्रभागीय निदेशक द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित हो, संलग्न नहीं है।

उपरोक्त इंगित कमियों का निराकरण कर, सम्बन्धित अभिलेखों को प्रस्ताव में संलग्न करते हुए संशोधित प्रस्ताव की 03 प्रतियॉ तत्काल इस कार्यालय को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। प्रस्ताव की 03 मूल प्रतियॉ इस कार्यालय से अपने किसी प्रतिनिधि के माध्यम से प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(पंकज मिश्र)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

संख्या– 78 /11–सी– FP/UP/Other/40253/2019, दिनांकित।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– प्रभागीय निदेशक, सा0वा0 प्रभाग, मथुरा।

2– मुख्य प्रबन्धक (रिटेल सेल्स) इण्डियन ऑयल पेट्रोलियम कारपोरेशन लि0, 65/2, संजय प्लेस, आगरा।

(पंकज मिश्र)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

OCC